आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–07 दिसम्बर 2025 सान्ध्य समाचार

नागर विमानन महानिदेशालय–डीजीसीए ने विमानन कंपनी 'इंडिगो' के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीटर एल्बर्स और एकाउंटेबल मैनेजर इसीड्रो पोर्क्यूरस को कारण बताओ नोटिस जारी किया है और बड़े पैमाने पर उड़ाने रद्द होने को लेकर 24 घण्टे के भीतर जवाब देने को कहा है। नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने इस संबंध में संवाददाताओं को बताया।

हमने इंडिगो को निर्देश दिया है कि 48 घंटे के भीतर वे सभी बैगेज यात्रियों के घरों तक पहुँचा दें। यह उनकी जिम्मेदारी है, इसलिए हमने अधिकतम जवाबदेही इंडिगो पर ही डाली है, क्योंकि समस्या उनकी आंतरिक संचालन प्रक्रिया से ही शुरू हुई थी। हम लगातार में स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। मैं आपको बता सकता हूँ कि पिछले दो–तीन दिनों से हम मंत्रालय में ही लगातार फैसले ले रहे हैं ताकि यात्रियों को कम से कम असुविधा हो।

इस बीच, सरकार ने इंडिगो को रद्द या बाधित उड़ानों के लिए यात्रियों के सभी लंबित रिफंड बिना किसी देरी के जारी करने का निर्देश दिया है। नागर विमानन मंत्रालय ने आदेश दिया है कि ऐसी सभी उड़ानों के लिए रिफंड आज रात 8 बजे तक पूरा हो जाना चाहिए।

****

प्रदेश में 'विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर' अभियान के तहत मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिनवा ने बताया कि राज्य के 91 हजार से अधिक बूथों पर एसआईआर का कार्य पूरा हो चुका है। एक रिपोर्ट–

अंबेडकर नगर के जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम शुक्ला ने बताया कि जिले में विशेष ग्रहण पुनरीक्षण का काम लगभग सौ प्रतिशत हो चुका है। जौनपुर में भी अब तक लगभग 86 प्रतिशत से अधिक गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण हो गया है। गोरखपुर में भी मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान तेजी से जारी है। जिला अधिकारी दीपक मीणा ने कहा कि यह प्रक्रिया चुनावी पारदर्शिता और मतदाता अधिकारों की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रत्येक नागरिक से अपनी पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। प्रेम चंद्र गुप्ता आकाशवाणी समाचार गोरखपुर।

****

देश आज 'सशस्त्र सेना झंडा दिवस' मना रहा है। वर्ष 1949 से, 7 दिसंबर को शहीदों और सैनिकों के सम्मान में यह दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर 'फ्लैग पिन' और 'स्मारिका' का विमोचन किया। एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये मुख्यमंत्री ने राष्ट्र की रक्षा में लगे भारतीय सेना के पराक्रमी जवानों को 'सशस्त्र सेना झंडा दिवस' की बधाई दी।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नौ दिसम्बर को गोरखपुर के पिपरौली ब्लॉक में नव–निर्मित राजकीय आईटीआई का उद्घाटन करेंगे। इसका निर्माण पावरग्रिड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा अपने कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व–सीएसआर फण्ड से कराया गया है। इस आईटीआई का संचालन पीपीपी मोड पर किया जायेगा।

****

उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग दिसम्बर–जनवरी माह में सहायक अध्यापक प्रशिक्षित स्नातक भर्ती परीक्षा का आयोजन करेगा। इस परीक्षा के जरिए 15 विषयों में सात हजार चार सौ छाछठ पदों पर अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा।

****

देश के उत्तर और दक्षिण क्षेत्र की संस्कृति का संगम बन रहे 'काशी–तमिल संगमम' के चतुर्थ संस्करण में तमिलनाडु से आये चौथे समूह ने आज वाराणसी में काशी–विश्वनाथ धाम का भ्रमण किया। इस समूह ने धाम के ऐतिहासिक स्वरूप, स्थापत्य कला और नव–निर्मित सुविधाओं की जानकारी ली। इस बीच, काशी–तमिल संगमम और भारत सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार–प्रसार के लिये पत्र सूचना कार्यालय वाराणसी की तरफ से सर्किट हाउस में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के आयुष मंत्री डॉक्टर दयाशंकर मिश्र दयालु ने कहा कि काशी–तमिल संगमम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक भारत श्रेष्ठ भारत परिकल्पना को साकार कर रहा है।

जहां तक तमिल संगमम का सवाल है वो काशी और दक्षिण और उत्तर को जोड़ने के लिए कैसे सेतू के रूप में काम कर रहा है। तमिलनाडु हो राज्य हो तमिल भाषा हो और वहां के लोगों का ये चौथे साल लगातार काशी आना इस बार की थीम है। आओ तमिल सीखें और तमिल सीखने वहां के लोग आ के यहां हिन्दी सीख रहे हैं। और यहां के पहली बार यहां के लोग काशी के लोग तमिल जा रहें हैं। वहां जा के तमिल सीखेंगे।

****

गोरखपुर नगर निगम महानगर क्षेत्र में बारह सौ सोलर लाइटें और सौ से अधिक हाईमास्ट लाइट लगायेगा। इसके लिये नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी–नेडा ने नगर निगम को तीन करोड़ अट्ठासी लाख रूपये की धनराशि आवंटित की है। गोरखपुर के नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने बताया कि जनवरी में सोलर लाइटें लगाने का काम शुरू हो जायेगा।

****

प्रदेश के पूर्वी हिस्से में ठंड का असर बढ़ने लगा है। ठंडी पछुआ हवा नमी के साथ मिलकर गलन का अहसास करा रही है। मौसम विभाग का अनुमान है कि आगामी दिनो में दिन और रात के तापमान में गिरावट के साथ सुबह के समय मध्यम कोहरा भी छाया रहेगा।

****